P&Q

अमर उजाला

P&Q

Tue, 11 Nov 2025; daily - Amar Ujala - Noida;
Size: 78 sq. cm.; Circulation: 12400; Page: 16
Copyright © 2025 Amar Ujala, All rights reserved.

मरम्मत

जनवरी के पहले सप्ताह तक पूरा होगा काम

# डीएनडी पर एक लेन बंद कर हो रहा काम




डीएनडी पर सड़क की मरम्मत करते कर्मी। संवाद

**नोएडा।** दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट फ्लाईवे (डीएनडी) की सड़क मरम्मत का काम सोमवार से शुरू हुआ। दिल्ली से नोएडा की ओर आने वाले रास्ते पर काम पहले शुरू किया गया। इस दौरान एक लेन का ट्रैफिक भी रोका जा रहा।

इसके चलते दोपहर में वाहनों की रफ्तार कम रही। अगले करीब दो महीने तक सड़क की मरम्मत की जाएगी। यातायात संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस के जवान भी मौजूद रहेंगे। पुलिस ने बताया कि यह काम नोएडा टोल ब्रिज कंपनी करवा रही है। इस पर कंपनी करीब पांच करोड़ रुपये खर्च करेगी। मुख्य सड़क के अलावा नोएडा और दिल्ली की ओर उतरने वाले लूप को मिलाकर सड़क करीब आठ किलोमीटर लंबी है।

इन सभी हिस्सों में सड़क की रिसरफेसिंग का काम होगा। इसमें नए सिरे से सड़क पर तारकोल बिछाया जाएगा। दिसंबर के आखिर या जनवरी के पहले सप्ताह तक इस काम को पूरा करवाने का लक्ष्य है। ब्यूरो

## बनकर तैयार भंगेल एलिवेटेड रोड खुलवाने की मांग, किया प्रदर्शन

**नोएडा।** अगाहपुर से सेक्टर-82 एनएसईजेड तक करीब दो महीने से बनकर तैयार भंगेल एलिवेटेड रोड खोले जाने की मांग अब और तेज हो गई है। सोमवार को किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के बैनर तले बरौला समेत अन्य गांव के किसानों ने प्रदर्शन किया। एक हफ्ते में वाहनों का संचालन शुरू नहीं होने पर एलिवेटेड रोड खुद खोल लेने की चेतावनी दी है।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बीसी प्रधान ने कहा, अगाहपुर से सेक्टर-82 तक की सड़क भीड़भाड़ व कई गांव के लिए अहम है। जून 2020 में इस पर एलिवेटेड रोड का निर्माण प्राधिकरण ने शुरू किया था। पहले निर्माण में देरी हुई। अब एलिवेटेड रोड बनकर तैयार है तब प्राधिकरण के अधिकारी लोकार्पण समारोह के लिए इसे बंद किए हुए हैं। नीचे की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। दुकानदारों का कामकाज ठप हो गया है। ओमप्रकाश गुर्जर, महेश तंवर, राजकुमार मोनू, हरेंद्र बैसोया, हरि अवाना, जोगेंद्र चपराना समेत अन्य किसान नेता मौजूद रहे। ब्यूरो